आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.02.2025/प्रादेशिक समाचार/1500 बजे

सड़क सुरक्षा

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि राज्य सरकार ने सड़क हादसे रोकने के लिए नई पहल की है और पिछले दो वर्षों में प्रदेश में सड़क दुर्घटनाओं में लगभग साढ़े 6 फीसदी कमी दर्ज की गई है। उन्होंने आज शिमला से सुरक्षा में सुधार के लिए 27 पुलिस मोटर साइकिलों को हरी झण्डी दिखाई। इनमें से कांगड़ा ज़िला पुलिस को 14 और मण्डी ज़िले को 13 मोटर साइकिल दी जाएंगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि शिमला, नूरपुर, मण्डी और कांगड़ा पुलिस ज़िलों को बचाव कार्यों के लिए जल्द ही 42 चौपहिया वाहन, 14 इंटरसैप्टर वाहन और 10 रैसक्यू वाहन उपलब्ध करवाए जाएंगे। सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा कि इन चार पुलिस ज़िलों के लिए सड़क सुरक्षा उपकरण खरीदने को लेकर 90 करोड़ रूपए का बजट आबंटित किया गया है। मुख्यमंत्री ने बताया कि प्रदेश में लगभग साढ़े 7 हज़ार किलोमीटर लंबी सड़कों के लिए पहली बार अंतर्राष्ट्रीय सड़क मूल्यांकन सर्वेक्षण शुरू किया गया है। इस सर्वेक्षण के आधार पर सुरक्षा मानकों के अनुसार सड़कों का मूल्यांकन किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की इन नवीन पहलों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं। लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह भी इस मौके मौजूद रहे।

मुख्यमंत्री

इस बीच, मुख्यमंत्री का अब से थोड़ी देर बाद चंडीगढ़ जाने का कार्यक्रम है। इसके अलावा मुख्यमंत्री कल 17 फरवरी को नई दिल्ली जाएंगे जहां वे कई कार्यक्रमों में भाग लेंगे। इस दौरान सुखविन्द्र सिंह सुक्खू नई दिल्ली में कई केन्द्रीय नेताओं से भी प्रदेश से जुड़े मुद्दों पर भेंट कर सकते हैं।

राष्ट्रपति–चेंज ऑफ गार्ड

राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आज नए प्रारूप में चेंज ऑफ गार्ड का उद्घाटन समारोह आयोजित हुआ। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु भी मौजूद रहीं। यह समारोह आम लोगों के लिए शनिवार 22 फरवरी से शुरू होगा जिसमें संगीत और अन्य कार्यक्रम होंगे। समारोह के दौरान राष्ट्रपति के अंगरक्षकों और ब्रास बैंड द्वारा सैन्य ड्रिल का प्रदर्शन किया जाएगा। इस आयोजन में शामिल होने के लिए विजिट डॉट राष्ट्रपति भवन डॉट जीओवी डॉट इन पर पास ऑनलाइन लिए जा सकेंगे।

प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज शाम नई दिल्ली में भारत मंडपम में भारत टेक्स–2025 में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी इस अवसर पर लोगों को संबोधित करेंगे। भारत टैक्स एक बड़ा वैश्विक कार्यक्रम है और यह भारत मंडपम में 17 फरवरी तक जारी रहेगा।

फिट इंडिया

केन्द्र सरकार के फिट इंडिया अभियान के तहत आज सुबह नई दिल्ली में 'फिट इंडिया–संडे ऑन साइकिल' का आयोजन किया गया। इसमें बड़ी संख्या में लोगों ने भाग लिया। केन्द्रीय मंत्री मनसुख मांडविया ने भी साइकिल चलाकर लोगों को फिट रहने का संदेश दिया।

डाक अदालत

प्रदेश में 21 फरवरी को डाक अदालत का आयोजन किया जाएगा। परिमण्डल कार्यालय और अधीनस्थ सभी प्रवर अधीक्षक व अधीक्षक डाकघरों के मण्डलीय कार्यालयों में ये अदालत आयोजित होगी। इस अदालत में लोगों की डाक संबंधी शिकायतों का निपटारा किया जाएगा।

किक बॉक्सिंग

मंडी जिला की थुनाग तहसील के गांव शिकावरी की बेटी होमानी ने छठी एशियन सवाते प्रतियोगिता में गोल्ड मैडल जीतकर प्रदेश का नाम रोशन किया है।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज बादल छाए हुए हैं। पिछले कल हुई ताजा बर्फबारी से राज्य में तापमान में 4–5 डिग्री सेल्सियस की गिरावट दर्ज की गई है। विभाग के अनुसार कल 17 फरवरी से हिमालय क्षेत्र में ताजा पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय हो रहा है जिसके चलते 18 फरवरी से राज्य में फिर वर्षा और बर्फबारी की सम्भावना है।

....